## D.A.V. PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR

## HALF YEARLY EXAMINATION (2017-18)

### CLASS – VI

### SUBJECT – HIGHER HINDI

**Time – 3 Hours** **Full Marks - 80**

**सामान्य निर्देश :-**

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड – क और ख है ।
- कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में 12 प्रश्न हैं।
- प्रत्येक खंड का उत्तर क्रमशः दीजिए।
- प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रम संख्या अवश्य लिखें ।

### खंड - क

**1. व्याकरण** $10 \times 2 = 20$

(क) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए ।

(i) माली (ii) गाय

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।

(i) सच (ii) अधिक

(ग) नीचे दिए गए शब्दों में अनुस्वार ( ं ) अथवा अनुनासिक ( ँ ) चिह्न लगाइए ।

(i) मैने (ii) पहुच

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए ।

(i) ताजमहल बहुत सुंदर है ।

(ii) माँ की ममता का कोई मोल नहीं ।

(ङ)निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए ।

(i) उसने मंजरी को प्रथम आने पर बधाई दी ।

(ii) यह चाबी किसकी है ?

(च) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए ।

(i) गुड़िया के बाल सुनहरे थे । (ii) किला बहुत पुराना था ।

(छ) निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए ।

(i) समाट (ii) दूरदशन (iii) डम (iv) कम

(ज) निम्नलिखित वाक्यों में से उचित विराम चिह्नों का प्रयोग कीजिए ।

(i) आप कहाँ रहते हैं

(ii) बगीचे में आम अमरूद और सेब के पेड़ लगे हैं

Exam copy
16.9.17

(झ) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

(i) जंगल (ii) रास्ता

(ञ) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए ।

(i) बात (ii) तारा

## 2. अपठित गद्यांश

5 × 1

निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।

मैं सूर्य मंदिर कोणार्क हूँ । कोणार्क दो शब्दों से मिलकर बना है – कोण और आर्क । कोण का अर्थ है 'क और आर्क प्रयुक्त होता है 'सूर्य के लिए' । मेरे निर्माण में बारह सौ शिल्पकार, स्थापत्य कला के वि कलाकार व कारीगर बारह बर्षों तक रात – दिन लगे रहे । मैं राजा नरसिंह देव, उनके प्रधान वास्तुविद महाराणा और उनके बारह बर्षीय पुत्र धर्मपद की देन हूँ । मुझे एक विशाल सूर्य रथ के रूप में बनाया गया रथ सूर्य की तीव्र गति का प्रतीक है, जिसे सात घोड़े तेजी से खींच रहे हैं । इस रथ में चौबीस पहिए लगे हु इन विशाल पहियों की नक्काशी अत्यंत सुंदर है ।

(क) कोणार्क मंदिर के निर्माण में कितना समय लगा ?

(i) दस वर्ष (ii) बारह वर्ष (iii) चौदह वर्ष (iv)बीस वर्ष

(ख) कोणार्क मंदिर के निर्माण की कला किस प्रकार की कला है ?

(i) संगीत कला (ii) नृत्य कला (iiii) चित्र कला (iv) स्थापत्य कला

(ग) आर्क प्रयुक्त होता है ..............

(i) चंद्र के लिए (ii) सूर्य के लिए (iii) तारों के लिए (iv) रथ के लिए

(घ) राजा नरसिंह देव के प्रधान वास्तुविद कौन थे ?

(i) धर्मपद (ii) विशु महारणा (iii)जगमोहन (iv) शंभू महारणा

(ङ) सूर्य - रथ में कितने पहिए लगे हुए हैं ?

(i)चौबीस (ii) बाईस (iii) बारह (iv) पच्चीस

## 3. अपठित पद्यांश

5 × 1 =

निम्नलिखित अपठित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।

मैं नन्हा-सा पथिक विश्व के

पथ पर चलना सीख रहा हूँ,

मैं नन्हा-सा विहग विश्व के

नभ में उड़ना सीख रहा हूँ ।

पहुँच सकूँ निर्दिष्ट लक्ष्य तक

मुझको ऐसे पग दो, पर दो ।

पाया जितना जग से अब तक
और अभी जितना मैं पाऊँ,
मनोकामना है यह मेरी
उससे कहीं अधिक दे जाऊँ
धरती को ही स्वर्ग बनाने का
मुझको मंगलमय वर दो ।

(क) नन्हा-सा पथिक कौन है ?

(i) बच्चा (ii) विद्यार्थी (iii) कवि (iv) प्रत्येक मनुष्य

(ख) कवि अपनी तुलना किससे कर रहा है ?

(i) छोटे बच्चे से (ii) छोटी चिड़िया से (iii) एक पथिक से (iv) किसी से नहीं

(ग) कवि की मनोकामना क्या है ?

(i) उससे ज्यादा देकर जाने की (ii) उतना देने की
(iii) ऋण चुकाने की (iv) कुछ भी न देने की

(घ) कवि ईश्वर से क्या वरदान माँग रहा है ?

(i) मजबूत पंख पाने का (ii) लक्ष्य तक पहुँचने का
(iii) धरती को स्वर्ग बनाने का (iv) चलना सीखने का

(ङ) कवि कहाँ पहुँचना चाहता है ?

(i) निर्दिष्ट लक्ष्य तक (ii) स्वर्ग तक (iii) नभ तक (iv) ऊँचाई तक

**4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों मे अनुच्छेद लिखिए ।** 5

(क) संतुलित पौष्टिक खाओ, तन – मन जगाओ
(ख) पराधीनता में सुख नहीं
(ग) हम और हमारे त्योहार
(घ) मेरे विद्यालय का पुस्तकालय
(ङ) प्रिय लेखक

5. अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को पाँच दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए । 5

अथवा

अपनी नई कक्षा का वर्णन करते हुए अपने दादा जी को पत्र लिखिए ।

6. परीक्षा भवन के बाहर दो छात्रों की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।

## खंड - ख

**7. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** 5 × 1

सुबह के दस बज रहे थे । मुझे डाक से एक चिट्ठी मिली । मैं लिफाफा खोलकर चिट्ठी पढ़ने लगा – कृपया मेरे अखबार के लिए एक कविता भेज दीजिए । चिट्ठी के नीचे संपादक के हस्ताक्षर थे । संपादक का महिपाल सिंह था । चिट्ठियाँ तो बराबर ही आती रहती हैं, पर इस चिट्ठी ने मेरे मन को अपनी ओर खींच लि इसका कारण यह था कि चिट्ठी की लिखावट बड़ी सुंदर थी । हर अक्षर साँचे में ढला हुआ-सा मालूम पड़ । महिपाल सिंह से मेरी कोई जान- पहचान नहीं थी । यह उनकी पहली चिट्ठी थी । लिखावट देखकर मेरे मुँ अनायास ही निकल पड़ा – "वाह ! बड़ी सुंदर लिखावट है ।"

(क) चिट्ठी में क्या लिखा था ?

(ख) चिट्ठी के नीचे किसके हस्ताक्षर थे ?

(ग) संपादक का नाम क्या था ?

(घ) चिट्ठी के अक्षर कैसे थे ?

(ङ) लिखावट देखकर लेखक ने क्या कहा ?

**8. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।** 5 × 1

मेहनत अपने लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना,
कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना,
अपना दुख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक,
अपनी मंजिल सच की मंजिल, अपना रस्ता नेक,
साथी हाथ बढ़ाना ।

(क) प्रस्तुत पद्यांश के कवि हैं ...............

(i) साहिर लखनवी (ii) ताहिर लुधियानवी (iii) साहिर लुधियानवी (iv) महादेवी वर्मा

(ख) कवि के भाग्य में क्या लिखा है ?

(i) शरारत करना (ii) मेहनत करना (iii) बाहर घूमना (iv) शिकायत करना

(ग) कवि और उसके साथियों का एक जैसा क्या है ?

(i) दुख-सुख (ii) लाभ-हानि (iii) हार-जीत (iv) लेन-देन

(घ) कवि और उसके मित्रों की मंजिल का रास्ता कैसा है ?

(i)नेक (ii) पथरीला (iii) टेढ़ा-मेढ़ा (iv) सीधा-सादा

(ङ) 'लेख' शब्द का अर्थ है ..........

(i) लिखना (ii) सुंदर (iii) भाग्य (iv) लिखाई

**9. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए ।** $2 \times 3 = 6$

(क) हिमपात कहाँ और कब होता है ?

(ख) "सच्चे – बच्चे कितने अच्छे" प्रतियोगिता में सत्यपाल को कौन-सा पुरस्कार मिला और क्यों ?

(ग) राजा भेस बदलकर क्यों घूमता था ?

**10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** $3 \times 3 = 9$

(क) सुंदरलाल ने वृक्षों की कटाई रोकने के लिए कौन-कौन से कार्य किए ?

(ख) जब नजानू ने जानू और सुस्तराम पर कविताएँ सुनाईं तो उन्होंने क्या कहा और क्यों ?

(ग) तरूवर और सरोवर की क्या विशेषता है ?

(घ) महिपाल सिंह द्वारा छापे गए साप्ताहिक समाचार पत्र में क्या – क्या छपता था ?

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** $2 \times 2 = 4$

(क) क्या आपको लगता है कि जल ही जीवन है ? क्यों ?

(ख) हम सबको जीवन में आई कठिन परिस्थितियों में भी सदा सच बोलने का प्रण क्यों लेना चाहिए ?

(ग) मुसीबत में आए इंसानों की सहायता हम किस प्रकार कर सकते हैं ?

(घ) हमें कुछ भी नया सीखने के लिए किन गुणों को अपनाना चाहिए ?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से छाँटकर लिखिए ।** $7 \times 1 = 7$

(क) महिपाल सिंह ............ सटीक निशाना मारते थे ।

(i) दाएँ हाथ से (ii) बाएँ हाथ से (iii) दोनों हाथों से (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) पाला इनमें से कब पड़ता है ?

(i) गर्मी में (ii) वसंत में (iii) वर्षा में (iv) कड़ी सर्दी में

(ग) रामनगर चारों तरफ़ से किससे घिरा हुआ है ?

(i) पेड़ों से (ii) पहाड़ियों से (iii) खेतों से (iv) सड़कों से

(घ) डाकू किस पर हाथ साफ करना चाहते थे ?

(i) धन पर (ii) तलवार पर (iii) घोड़े पर (iv) मुकुट पर

(ङ)हमें सुख देने के लिए पेड़ - पौधे क्या सहते हैं ?

(i) धूप (ii) बरसात एवं सर्दी (iii) धूल (iv) उपर्युक्त सभी

(च) खेल के मैदान के कोने में उदास कौन बैठा है ?

(i) मोटू (ii) नजानू (iii) सुस्तराम (iv) छोटू

(छ) मनुष्य को क्या छिपाकर रखना चाहिए ?

(i) अपना धन (ii) अपनी पीड़ा (iii) अपनी खुशी (iv) इनमें से कोई नहीं